an>

Title: Need to make CNG price in Haryana at par with that of in Delhi.

श्री रमेश चन्द्र कौशिक (सोनीपत) : सोनीपत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अन्तर्गत आता है, यह हम सबको ज्ञात है तथा सोनीपत से दिल्ली रोज आने-जाने वाले यात्रियों की संख्या भी अत्यधिक है। क्षेत्र नजदीक होने के कारण ज्यादातर लोग अपने-अपने वाहनों का प्रयोग करते हैं। सोनीपत में भी सी.एन.जी. के वाहनों की अच्छी-खासी संख्या है परन्तु दिल्ली तथा सोनीपत के सी.एन.जी. के भाव में तकरीबन 6 से 7 रूपये का फर्क है। सोनीपत में रेट ज्यादा होने के कारण वहां के लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा उनका अतिरिक्त व्यय भी बढ़ जाता है। एक तरफ जहां सरकार वातावरण को प्रदूषण से मुक्त करना चाहती है, वहीं दूसरी तरफ अलग-अलग सी.एन.जी. रेट होने से लोग सी.एन.जी. वाहनों का प्रयोग अधिक नहीं कर पाते हैं।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि दिल्ली तथा सोनीपत में सी.एन.जी. के भाव दिल्ली के समान किए जाएं। इसके अतिरिक्त सोनीपत में ज्यादा से ज्यादा सी.एन.जी. पम्प की स्थापना की जाए जिससे सरकार को अधिक राजस्व की प्राप्ति हो सके।